**भारत सरकार**
**वस्त्र मंत्रालय,**
**वस्त्र आयुक्त का कार्यालय,**
**(पावरलूम विकास प्रकोष्ठ)**
**पो.बै. सं. 11 500, मुंबई : 400 020.**
**न्यू सी.जी.ओ. भवन, 48, न्यू मरीन लाईन्स,**
**फॅक्स सं.022-2004693, E-mail:** texcomindia@txcindia.com
**फोन नं.022-2001050-268/249.**

सं. 28(19)/2005-पीडीसी/ दिनांक : 29 अप्रैल, 2005

**परिपत्र सं. 2**
**(2005-2006 श्रृंखला )**

**विषय:-** **प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना के अंतर्गत प्रोसेसिंग मशीनरी के लिए 10% कैपिटल सब्सिडी के रूप में अतिरिक्त प्रौत्साहन के क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शी-सिद्धांत ।**

1. भारत सरकार ने विनिर्दिष्ट टेक्सटाइल प्रोसेसिंग मशीनरी के लिए प्रौ उ नि यो के अंतर्गत 5% ब्याज सब्सिडी के अलावा 10% कैपिटल सब्सिडी का अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान करने का निर्णय लिया है।
2. 20 अप्रैल 2005 से 19 अप्रैल 2006 की एक वर्ष की अवधि के लिए विनिर्दिष्ट प्रोसेसिंग मशीनरी में निवेश की गई राशि पर 10% अतिरिक्त कैपिटल सब्सिडी स्वीकार्य होगी ।
3. कट ऑफ तारीख प्रदण के संवितरण की तारीख होगी । कर्जदाता अभिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट मशीनरी पर 20 अप्रैल,2005 के अलावा इसके उपरांत संवितरण की गई राशि 10% कैपिटल सब्सिडी के लिए पात्र होगी ।
4. योजना की अवधि के अखिरी तरीख तक यानि 19/04/2006 नोडल एजेंसी सहयोजित पी एल आई द्वारा पात्र मशीनरी के लिए स्वीकृत ऋण कैपिटल सब्सिडी के लिए पात्र होगा।

## पात्रता

5. कैपिटल सब्सिडी कम्पोजिट यूनिट एवं स्टेण्ड अलोन प्रोसेसिंग यूनिटों को उपलब्ध करवाया जाएगा ।
6. प्रोसेसिंग परियोजना पर समन्वित यप से 10% कैपिटज सब्सिडी उपलब्ध नहीं होगी । अपितु केवल विनिर्दिष्ट प्रोसेसिंग मशीनरी के लिए ही उपलब्ध करवाई जाएगी। पात्र मशीनरी की सूची संलग्नक इ1 पर प्रस्तुत की गई है। टफ्स के अंतर्गत विनिर्दिष्ट मशीनरी के अतिरिक्त 5% ब्याज प्रोत्साहन के लिए (संगत निवेश ) समन्वित प्रोसेसिंग परियोजना में मान्य रहेगा।
7. 10% पूंजी सहायता केवल उन्हीं परियोजनाओं के लिए उपलब्ध होगी, जहां आवधिक ऋण नोडल अभिकरण अथवा सहयोजित प्रा ऋ सस्थानों द्वारा मंजूर किया गया है।

## सहायता की मात्रा

8 10% पूंजी सहायता विनिर्दिष्ट मशीनरी के बीजक मूल्य के आधार पर निकाली जाएगी। बीजक मूल्य देशी मशीनरी के संदर्भ में मूल कीमत+उत्पाद शुल्क+बिक्री कर है तथा आयातित मशीनरी के संदर्भ में सीआइएफ मूल्य + वास्तविक सीमाशुल्क ।

**पूंजी सहायता प्रदान करना :**

9. ऋणद अभिकरणों द्वारा पूंजी सहायता विनिर्दिष्ट मशीनरी के लिए आवधिक ऋण के वितरण के समय प्रदान की जाएगी।

10. पूंजी सहायता समर्थकों के अंशदान के समक्ष भी समायोजित की जा सकती है।

**पूंजी सहायता प्रदान करने के लिए निधि :**

11. नियत तिथियों पर पूंजी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से नोडल अभिकरणों द्वारा निधि अग्रिम पैसों के रूप में प्रा. ऋ. संस्थानों में रखा जाएगा। ऐसे अग्रिम पैसों की मात्रा, प्रा ऋ संस्थानों द्वारा त्रैमासिक आधार पर पर आइडीबीआई /सिडबी को 10% पूंजी सहायता के लिए पात्र मशीनरी के लिए ऋण की मंजूरी के आधार पर जमा किये गए सहायता अनुमान पर आधारित होगी। पहली रिलीज के बाद, प्राऋ संस्थानों को उसके बाद रिलीज, पूर्व में दी गई निधियों के उपयोग पर निर्भर होंगे।

कृपया प्रौउनियो के अंतर्गत विनिर्दिष्ट प्रोसेसिंग मशीनरी के लिए 10% पूंजी सहायता संबंधी मार्गदर्शक तत्व सभी संबंधितों के ध्यान में लाया जाए।

इस अनुरोध के साथ् कि प्रौउनियो में उपरोक्त संशोधनों/सुधारों सहित इसे समाचार पत्रों/पाक्षिकों/पत्रिकाओं इत्यादि में प्रकाशित करे सभी संबंधितों के ध्यान में लाए ।

**(श्रीमती शशी सिंह)**
**निदेशक**

# परिशिष्ट-I

## प्रोउनि योजना के अंतर्गत 10% पूँजी सहायता के लिए पात्र प्रोसेसिंग मशीनरी की सूची

| क्र.सं. | मशीन का नाम एवं अन्य विवरण |
|---|---|
| | **निट प्रोसेस हाऊस के लिए** |
| 1. | तापमान तथा फ्लेम कन्ट्रोल के लिए अनुकूल अनुपात में हवा तथा इंधन का स्वत: मिश्रण वाला सिंजिंग मशीन । |
| 2. | संपूर्ण प्रोसेस केन्द्र के लिये प्रोसेस तथा डाय किचन प्रबंधन व्यवस्था । |
| 3. | लैब डिस्पोन्सिंग तथा स्टॉक सॉल्यूशन मेकिंग सिस्टम के साथ कम्प्यूटर कलर मैचिंग । |
| 4. | त्रुटि दर्शक तथा रिपोर्ट जनरेटर के साथ संगणक नियंत्रित कपड़ा निरीक्षण मशीन । |
| 5. | स्वचालित रोल फोल्डिंग एन्ड पैकिंग मशीन |
| 6. | कन्टीन्यूअस रिलेक्स ड्रायर/टम्बल ड्रायर |
| 7. | स्यूडिंग/पिच फिनिशिंग/रेजिंग/पाइल कटिंग मशीन |
| 8. | कॉम्पैक्टिंग मशीन |
| 9. | निट ट्युब्युलर मर्सराइजिंग/ब्लीचिंत सह-मर्सराइजिंग मशीन |
| 10 | ऊर्जा नियंत्रण तथा पानी संबंधी देखरेख पर आधारित माइक्रो प्रोसेसर के साथ बुना हुआ कपड़ा निरंतर बिरजन करने वाला संयंत्र |
| 11. | निपा प्रेशर तथा वाशिंग रेंज में एकरूपता के लिये व्यवस्था के साथ ओपन विड्थ पेंड बैंच डाइंग |
| 12. | चुंबकीय/एअर फ्लो स्क्वीज सिस्टम, ऑन लाइन वॉशिंग अरेंजमेंट, तुरंत परिवर्तन की सुविधा, ऑटामैटिक डिजाइन सेटिंग के साथ रोटरी स्क्रीन प्रिंटिंग मशीन के साथ । |
| 13 | इंक जेट प्रिंटिंग मशीन |
| 14. | मल्टी फंक्शनल लूप एजर (थमोासोलिंग, सुपर हीटेड स्टीमिंग, पोलिमराइजेशन, न्यूट्रल स्टीमिंग के साथ) फ्लेश एजर के साथ/के बिना । |
| 15. | कपड़े पर अत्यधिक दबाव से पानी डालने तथा अथवा ॲक्युमलेटर्स/वैक्यूम सेपरेटर्स द्वारा पृष्टीय तथा गहरी धुलाई के साथ ऊर्जा नियंत्रण और पानी संबंधी देखरेख पर आधारित माइक्रो प्रोसेसर के साथ निरंतर वॉशिंग रेंज |
| 16. | तेल/गैस गरम करने की व्यवस्था के साथ तथा निट फैडीक प्रोसेसिंग उपकरण के साथ मल्टी चेंबी स्टेन्टर |
| 17. | कोटिंग/लैमिनेटिंग/एम्बॉसिंग/पिंचिंग मशीन । |

| क्र.सं. | मशीन का नाम एवं अन्य विवरण |
|---|---|
| **वोवेन प्रोसेस हाऊस के लिए** | |
| 1. | माइक्रो प्रोससर आधारित डामेंन्शनल एवं काउन्टिक कंसन्ट्रेशन कन्ट्रोल, मरसाजर सहित एवं काउस्टिक रिकवरी इकाई ( बिन काउस्टिक रिकवरी के इकाई यदि वह पहले से इकाई के पास हो) |
| 2. | ओपन डिड्थ लगातार ब्लीचिंग अथवा स्काउरिंग उवं ब्लीचिंग रेंज माइक्रों प्रोसेसर्स आधारित एनर्जी कन्ट्रोल एवं वाटर मानिटरिंग |
| 3. | ओपन विड्थ पैड ड्राइ एवं अथवा पैड सिस्टम कान्टिन्यूअस डाइंग रेंज माइक्रो प्प्रोसेसर्स आधारित एनर्जी कन्ट्रोल एवं वाटर मानिटरिंग सहित/बिन थर्मोशाल के । |
| 4 | ओपन विडथ पैड बैंच डाइंग रेंज जिसमें एक समान निप दबाव की व्यवस्था हो और उसमें रंग एवं रसायन के स्वचालित डोजिंग की व्यवस्था हो । |
| 5. | इंडिगो डाइंग रेंज |
| 6. | रोटरी प्रिंटिंग मशीन मैग्नेटिक/एयर फ्लो स्क्वीज सिस्टम सहित, आन लाइन धुलाई की व्यवस्था, तीव्र बदलने की व्यवस्था सहित, स्वचालित डिजाइन सेटिंग |
| 7. | कई कार्य करने वाला लूप ऐजर (थर्मोशोलिंग की व्यवस्था सहित, सुपर हीटेड स्टीमिंग, पॉलिमराइजेशन, न्यूटूल स्टीमिंग) फ्लेश ऐजर सहित/बिना उसके । |
| 8. | डिजिटल/लेजर/लेन इंग्रेविंग सिस्टम, रोटरी स्क्रीन के लिए । |
| 9. | लगातार वाशिंग रेंज, माइक्रो प्रोसेसर आधारित एनर्जी कन्ट्रोल एवं वाटर मानिटरिंग जिसमें सतह की पेनीट्रेटीव धुलाई कपड़े के माध्यम से पानी को धकेलकर एवं/अथवा एक्यूमूलेटरर्स/वैक्यूम से परेटर्स के माध्यम से करने की व्यवस्था हो । |
| 10 | लगातार वजन कम करने की मशीन, जिसमें माइक्रो प्रोसेसर द्वारा नियंत्रित काउस्टिक कन्सन्ट्रेशन एवं वजन कम करने की व्यवस्था हों । |
| 11 | जेट प्रिंटिंग मशीन । |
| 12. | मल्टी चेम्बर स्टेन्टर (पाँच चेम्बर्स से कम नहीं) तेल/गैस से गरम करने की व्यवस्था सहित । |
| 13. | लगातार रिलेक्स/टम्बल ड्रामर । |
| 14. | कॉम्बी शाफ्ट मशीन साफ्ट करने एवं स्टोन वॉश जैसा प्रभाव देने के लिए |
| 15 | काम्प्रेसीव स्रिकिंग रेंज (जीरो-जीरो टाइप) |
| 16. | सूडाइंग/पीच फीनिशिंग/रेजिंग /डीकैटाइजिंग/शीयरिंग/ पाइल कटिंग मशीन |
| 17. | कोटिंग/लैमिनेटिंग/इम्बोसिंग/पीचिंग मशीन सम्पूर्ण प्रोसेस हाऊस के लिए |
| 18. | प्रोसेस एवं डाइ किचन मैनेजमेंट सिस्टम |
| 19. | कम्प्यूटर द्वारा कलर मैचिंग जिसमें लैब डिस्पेसिंग एवं स्टाक सलूशन मेकिग सिस्टम । |
| 20. | कम्प्यूटर आधारित कपड़े का निरीक्षण करने वाली मशीन जिसमें गड़बड़ी का पता लगाने एवं उसका रिपोर्ट बनाने की व्यवस्था हो । |
| 21 | स्वचालित रोल फोल्डींग एवं पैकिंग मशीन । |

| | |
|---|---|
| 22. | सिन्जींग मशीन जिसमें हवा एवं तेल का स्वचालितौर पर पर्याप्त अनुपात में मिश्रण हो जिसमें तापमान एवं फ्लेम नियंत्रण किया जा सके । |
| 23. | माइक्रो प्रोसेस नियंत्रित जिगर टेम्प्रेचर, स्पीड एवं टेंशन नियंत्रण सहित । |